तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 1 मई 2026



14 बालोद में खाद दवाई विक्रेता संघ का गठन



13 जल जीवन मिशन की टंकी बनी शोपीस बगदई में ...






## खबर संक्षेप

### आवारा कुत्तों का हमला 10 बकरियों की मौत

**बालोद।** बकरीया चराने गए चरवाहे की 10 बकरियों पर आवारा कुत्तो ने हमला कर दिया। जिसमें आवारा कुत्तो के हमले से चरवाहे की 10 बकरिया मर गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रानीतराई निवासी निर्मल यादव अपनी पत्नी के साथ मिलकर स्वयं के द्वारा पाले जा रहे 10 बकरियो को लेकर जंगल चराने गया हुआ था, अचानक से कुत्तो के झुण्ड ने 10 बकरियो पर हमला कर दिया। इस दौरान बुजुर्ग दंपत्ति द्वारा कुत्तो के झुण्ड को खदेड़कर अपने बकरियो को बचाने का प्रयास किया गया लेकिन कुत्तो की संख्या अधिक होने के कारण तथा कुत्तो द्वारा बुजुर्ग दंपत्ति पर भी हमला करते देख बुजुर्ग दंपत्ति अपनी बकरियों को छोड़ वहां से भाग गए, लेकिन जब थोड़ी देर बाद वे अपने बकरियो के पास पहुंचे तो बुजुर्ग दंपत्ति की 10 बकरिया कुत्तो के झुण्ड के हमले के कारण मर चुकी थी।

### रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**गुण्डरदेही।** श्री राम लला दर्शन अयोध्या धाम योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं का जत्था बुधवार को गुण्डरदेही से रवाना हुआ। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन के साथ ही काशी विश्वनाथ का दर्शन भी शामिल है, समाज कल्याण विभाग से अनुरक्षका गुलाबचंद साहू, भूपेश साहू के साथ गुण्डरदेही क्षेत्र के श्रद्धालु गण राजेंद्र चंद्राकर, केशव राम साहू, डोमन लाल साहू, पुनूराम, दयाराम, संतराम, हेमंत साहू, देवघर, पवन कुमार, प्रीति निषाद, हेमलता साहू, दुर्गेश्वरी, पार्वती साहू, अशलेखा, मुक्ति, टेम बाई यादव सम्मिलित हुए।

### 2 मई को बालोद प्रवास पर रहेंगे न्यायाधीश सिन्हा

**बालोद।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा शनिवार 02 मई को बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी प्रोटोकॉल के अनुसार मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा धमतरी से सुबह 09.35 बजे सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर सुबह 10.30 बजे जिला मुख्यालय बालोद स्थित सर्किट हाउस पहुँचेंगे। जिसके पश्चात मुख्य न्यायाधीश सिन्हा जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद का निरीक्षण करेंगे। मुख्य न्यायाधीश सिन्हा सुबह 11.50 बजे बालोद से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। जिला प्रशासन बालोद द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के आगमन पर आवश्यक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसके अंतर्गत न्यायालय परिसर बालोद के लिए ▶▶| शेष पेज 13 पर

# अवैध उत्खनन पर कसा शिकंजा, औचक निरीक्षण में 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

हरिभूमि में प्रकाशित खबर का जोरदार असर हुआ समाचार प्रकाशन के बाद तत्काल जिला प्रशासन हरकत में आया और अवैध रूप से रेत उत्खनन और परिवहन करने वालों पर शिकंजा करते हुए कार्रवाई हुई। जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। 30 अप्रैल के अंक में हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन तत्काल हरकत में आया और खनिज विभाग ने मैदानी स्तर पर उतरकर अवैध गतिविधियों पर करारा प्रहार किया। इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप की स्थिति बन गई है और पूरे क्षेत्र में प्रशासन की सक्रियता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने 30 अप्रैल 2026 को गुण्डरदेही विकासखंड में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से रेत का उत्खनन, परिवहन और भंडारण करते हुए कुल 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं। सभी वाहनों को तत्काल जब्त कर लिया गया। इनमें से 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली को आरक्षी केंद्र गुण्डरदेही और 2 को आरक्षी केंद्र अर्जुन्दा की अभिरक्षा में रखा गया है। कार्रवाई के बाद प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अवैध खनन और परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत संबंधित प्रकरणों में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## क्षेत्र में अवैध रेत माफिया पर कार्रवाई से मचा हड़कंप

खबर का असर

### प्रशासन सख्त

इस कार्रवाई को प्रशासन की सख्ती और जवाबदेही के रूप में देखा जा रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों और समाचार प्रकाशन के बाद हुई त्वरित कार्रवाई से यह साफ हो गया है कि अब अवैध कारोबारियों के लिए बच निकलना आसान नहीं होगा। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में अवैध खनन पर स्थायी रोक लगेगी।



500 से अधिक वाहन रोज कर रहे अवैध परिवहन

दल्लीराजहरा-डौंडी में अवैध रेत खनन का जाल बेखौफ माफिया, हर दिन लाखों की राजस्व हानि

### कार्रवाई जारी रहेगी

जिला खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर ने बताया कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। किसी को भी नियमों के विरुद्ध कार्य करने की छूट नहीं दी जाएगी। विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## समस्या : 2 साल से अधूरा भवन हो रहा 'खंडहर', परिसर में मिला मरा कुत्ता

# रेंगाडबरी उपस्वास्थ्य केंद्र बदहाल, अधूरा भवन, इलाज के लिए भटकते ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

ब्लॉक के ग्राम रेंगाडबरी में सन 1950 से संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र आज बदहाली का शिकार है। ग्रामीणों को वर्षों से समुचित स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है, वहीं 2 साल पहले शुरू हुआ नए भवन का निर्माण भी अधूरा छोड़ दिया गया है। हालत इतने खराब हैं कि अधूरे भवन में मरा हुआ कुत्ता मिलने और परिसर में असामाजिक गतिविधियों से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

### अधूरा निर्माण, खंडहर में तब्दील भवन

ग्रामीणों के अनुसार पुराने जर्जर भवन को तोड़कर 2024 में नए भवन का निर्माण शुरू किया गया था, लेकिन 18 महीने से भुगतान नहीं मिलने के कारण ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। दरवाजे-खिड़कियां सहित कई आवश्यक कार्य अधूरे पड़े हैं, जिससे भवन अब खंडहर में तब्दील हो रहा है। ठेकेदार ने साफ कहा कि 18 महीने से पेमेंट नहीं हुआ। विभाग बिल पास नहीं कर रहा, मैं अपनी जेब से काम नहीं कर सकता। फंड आएगा तभी काम शुरू होगा।

**खास बातें**

- इलाज के अभाव में भटक रहे ग्रामीण, 5 किमी दूर जाना मजबूरी
- 18 महीने से भुगतान अटका, ठेकेदार ने बंद किया काम
- कार्रवाई नहीं हुई तो 15 दिन में आंदोलन की चेतावनी



**स्वास्थ्य केंद्र बना असामाजिक तत्वों का अड्डा**

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को भवन के अंदर मरा हुआ कुत्ता मिला। परिसर में शराब की बोतलें और अन्य संदिग्ध गतिविधियां भी मिले। ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र अब नशाखोरी का अड्डा बन गया है।

### अफसरों की उदासीनता, शिकायतें बेअसर

सरपंच पति जयेश जैन ने बताया, बीएम ओ को फोन किया तो उन्होंने कहा यह मेरे स्तर का काम नहीं है। ग्रामीणों ने 7 अप्रैल 2026 को कलेक्टर बालोद को आवेदन दिया, लेकिन 22 दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं जिला स्वास्थ्य अधिकारी के पास भी ग्रामीण पहुंचे, जहां से जवाब मिला कि फाइल मेरे टेबल पर है, जल्द कर दूंगा। लेकिन 8 महीने बीत जाने के बाद भी फाइल जस की तस पड़ी है।

### इलाज के लिए 5 किमी दूर जाना मजबूरी

स्थिति यह है कि केंद्र में न डॉक्टर बैठते हैं और न ही दवाएं उपलब्ध हैं। टीकाकरण और प्रसव जांच के लिए महिलाओं को 5 किमी दूर मंगचुवा जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि 1950 से अस्पताल है, लेकिन इलाज के लिए आज भी 5 किलोमीटर दूर भागना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे सीएचएमओ कार्यालय का घेराव करेंगे। इस दौरान पालसिंग यादव, महेंद्र निषाद, रघुनाथ निषाद, शेखर निषाद, डोमार सिंह नायक, निरंजन पडौती, टुमन नेताम, रेवाशंकर सोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# विवाद के बाद कटर से हमला कई घायल, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

थाना अण्डा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अण्डा में देर रात आपसी विवाद के चलते हुई झड़प में कटरबाजी की घटना सामने आई है। इस घटना में जनक चंद्राकर समेत कई युवक घायल हो गए, जिनका इलाज जिला अस्पताल दुर्ग में कराया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अपचारी बालक की तलाश जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल 2026 की रात करीब 12:30 बजे ग्राम अण्डा निवासी जनक चंद्राकर अपने साथियों के साथ मौजूद थे। इसी दौरान ग्राम चिंगरी के खेमराज खुटेल, कुलदीप साहू और अन्य के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट और कटरबाजी में बदल गया। घटना में जनक चंद्राकर व उनके साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तत्काल जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ को डिस्चार्ज कर दिया गया है, जबकि जनक चंद्राकर का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चिंगरी के खेत में छिपे दो आरोपियों को देर रात गिरफ्तार कर लिया। वहीं एक अपचारी बालक की तलाश जारी है।

प्रार्थी गौरव कुमार यादव की रिपोर्ट पर थाना अण्डा में अपराध क्रमांक 45/2026 के तहत धारा 109(1), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# डौंडी की छमीछा रावटे ने नेशनल पावरलिफ्टिंग में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



इंडियन पावरलिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा 26 से 28 अप्रैल तक उदयपुर में आयोजित सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के डौंडी नगर की छमीछा रावटे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वार्ड क्रमांक 4 धुर्वापारा निवासी छमीछा, पिता राकेश रावटे की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

- बनीं 'ऑल इंडिया स्ट्रॉन्ग वूमेन

प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच छमीछा रावटे ने सब-जूनियर 52 किलोग्राम भार वर्ग में अपनी ताकत और तकनीक का बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 112 किलोग्राम डेडलिफ्ट, 40 किलोग्राम बेंच प्रेस और 87 किलोग्राम स्क्वाट उठाते हुए कुल 239 किलोग्राम वजन के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें गोल्ड मेडल के साथ 'ऑल इंडिया स्ट्रॉन्ग वूमेन' का खिताब भी प्रदान किया गया। छमीछा की इस सफलता ने न केवल डौंडी नगर बल्कि पूरे बालोद जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इससे पहले भी अगरा में आयोजित प्रतियोगिता में नगर के युवाओं ने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया था। इसके साथ ही फुटबॉल और अन्य खेलों में भी यहां के छात्र-छात्राएं लगातार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों ने छमीछा रावटे को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सुशासन तिहारः पिनकापार से जनसमस्या निवारण शिविर की शुरुआत 4 मई को

**बालोद।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत बालोद जिले में आयोजित की जाने वाली जनसमस्या निवारण शिविर का आगाज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पिनकापार से किया जाएगा। ग्राम पिनकापार में 04 मई को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम पंचायत पिनकापार सहित आसपास के 20 ग्राम पंचायतों के हितग्राही एवं ग्रामीण उपस्थित होंगे। राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में आयोजित होने वाले सभी जनसमसया निवारण शिविरों की भांति 04 मई को पिनकापार में आयोजित शिविर में भी दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ–साथ शिविर में उपस्थित जिला मेडिकल बोर्ड के सदस्यों के द्वारा मेडिकल बोर्ड प्रमाण पत्र बनाने की भी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान शिविर में दिव्यांगजनों के नवीन दिव्यांगता प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र का नवीनीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड भी बनाए जाएंगे। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी तथा दिव्यांगता पेंशन हेतु फार्म भी भराए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि दूरस्थ ग्रामों में निवासरत दिव्यांगजन को शिविर में लाने ले जाने हेतु वाहन व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा शिविर स्थल पर दिव्यांगजनों के लिए नाश्ता, भोजन एवं पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इस संबंध में आवश्यक जानकारी समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी विकास कुमार देवांगन सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# जल संचय अभियान 2.0 की समीक्षाः कलेक्टर ने समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जल संचय, जन भागीदारी अभियान 2.0 के कार्यों की प्रगति के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर पूर्ण, प्रगतिरत एवं प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जेएसजेबी पोर्टल में जल संचय, जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत पूर्ण कार्यों के एंट्री के संबंध में विभागवार जानकारी ली। मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को 31 मई के पूर्व अधिक से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण कर जेएसजेबी पोर्टल में उनका शत प्रतिशत एंट्री करने के निर्देश भी दिए।

- जल संरक्षण कार्यों में तेजी लाने प्रशासन सख्त

बैठक में मिश्रा ने बारी–बारी से विभागवार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगतिरत एवं पूर्ण जल संरचनाओं के निर्माण के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खनिज, नगरीय प्रशासन, सहकारिता आदि विभिन्न विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जल संरचनाओं के निर्माण एवं उनके एंट्री कार्य के संबंध में जानकारी ली। मिश्रा ने इन सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा कर जेएसजेबी पोर्टल में अनिवार्य रूप से एंट्री करने के निर्देश दिए।

## परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी

# 3 मई को नीट परीक्षा, दो केंद्रों पर 462 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट परीक्षा 2026 रविवार, 03 मई को आयोजित किया जा रहा है। बालोद जिले में नीट परीक्षा के आयोजन हेतु 02 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसके अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दुधली में परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि नीट परीक्षा 2026 रविवार 03 मई को दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक आयोजित की जाएगी।

अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अजय किशोर लकरा ने बताया कि नीट परीक्षा में शामिल होने के लिए बालोद जिले से कुल 462 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने बताया सफल आयोजन एवं परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। इसके अलावा जिले के दोनों परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा, पेयजल, बिजली की समुचित आपूर्ति की व्यवस्था के अलावा स्वास्थ्य सुविधा एवं यातायात आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। परीक्षा में शामिल होने के लिए सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 03 घण्टे पूर्व संबंधित परीक्षा केन्द्रों में उपस्थित होना अनिवार्य है। जिससे कि समय पर परीक्षार्थियों का रजिस्ट्रेशन एवं बॉयोमेटिक प्रक्रिया पूरी की जा सके। लकरा ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट परीक्षा 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदशएँ आयोजन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश भी जारी किया गया है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को ▶▶| शेष पेज 13 पर

### कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की अपील की



राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के निर्देशानुसार रविवार 03 मई को नीट परीक्षा 2026 का आयोजन जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली स्थित 02 परीक्षा केन्द्र पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने नीट परीक्षा में शामिल होने वाले जिले के सभी अभ्यर्थियों से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए बिना किसी घबराहट के पूरे आत्मविश्वास, धैर्य एवं शांत मन से परीक्षा में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने परीक्षार्थियों को खुद पर विश्वास रखते हुए बिना किसी तनाव के परीक्षा में शामिल होने कहा है। मिश्रा ने कहा कि परीक्षाएं केवल स्मृति की नही, बल्कि आपके धैर्य की भी परीक्षा होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को शांत मन से खुद पर विश्वास करते हुए प्रश्नों को हल करने की समझाईश दी है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी के साथ मेहनत करने से परीक्षाथएँ को उनका फल अवश्य मिलता है। मिश्रा ने नीट परीक्षा में शामिल होने वाले जिले के सभी विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य एवं परीक्षा में उनकी सफलता की कामना की है। कलेक्टर मिश्रा ने जिले के सभी परीक्षार्थियों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार 03 घण्टा पूर्व परीक्षा केन्द्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने एवं ड्रेस कोड सहित नीट ▶▶| शेष पेज 13 पर




## खबर संक्षेप

### 1 मई मजदूर दिवस पर दुर्ग आएंगे पूर्व सीएम बघेल



दुर्ग। 1 मई मजदूर दिवस पर हर साल की तरह इस वर्ष भी राजीव भवन दुर्ग में ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर के नेतृत्व में बोरे बासी तिहार मनाया जाएगा। ।जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल होंगे। आयोजनकर्ता क्षितिज चंद्राकर ने बताया की पूर्व मुख्यमंत्री के साथ जिले के सभी वरिष्ठ नेता का पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला कांग्रेस दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, जिला कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला कांग्रेस भिलाई शहर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, दीपक दुबे ,जितेंद्र साहू सहित अन्य सभी वरिष्ठ नेता व कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मजदूर दिवस पर मजदूरों का सम्मान किया जाएगा वह सभी समाज के प्रमुख लोगों को इसमें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बीएसपी की दोहरी जीत



भिलाई। विश्व इस्पात दिवस पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कार्यपालक और गैर-कार्यपालक दोनों श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सेल सेफ्टी आर्गेनाइजेशन रांची द्वारा आयोजित स्पर्धा में बीएसपी का प्रतिनिधित्व एसएमएस 2 टीमों ने किया गया। कार्यपालक श्रेणी में सहायक महाप्रबंधक अरिंदम कर, वरिष्ठ प्रबंधक के पवन कुमार एवं सहायक प्रबंधक सुमित कुमार ने ए प्रथम स्थान हासिल किया। गैर-कार्यपालक श्रेणी में विनय, शिव कुमार व चंदन वर्मा की टीम ने शीर्ष स्थान मिला। इस उपलब्धि पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा संयंत्र प्रबंधन एवं सहकर्मियों द्वारा उनकी सराहना की गई। 'हज़ान' प्रतियोगिता इस्पात उद्योग में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने एवं आपात स्थितियों के प्रति तत्परता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# भिलाई-चरोदा के बस स्टैण्ड वार्ड में जल संकट, लोगों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के पास गर्मी के समय इतना फंड नहीं है कि वो लोगों को बिजली कनेक्शन करके पंप शुरू करवा सके, जिससे लोगों को पानी के लिए परेशान ना होना पड़े। मामला वार्ड 28 बस स्टैण्ड चरोदा का है। यहां के लोगों को गर्मी के दिनों में पेयजल संकट से गुजरना पड़ रहा है। पीने के पानी के लिए लोगों को रेलवे कॉलोनी के ऊपर निर्भर रहना पड़ रहा है।

लोगों का आरोप है कि निगम 108 करोड़ रुपए की लागत से जलावर्धन योजना से पानी पहुंचाने का दावा कर रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि उनके वार्ड में एक पाइप लाइन तक नहीं बिछी है। यहां के लोग हर गर्मी में निगम जाकर अपनी समस्या रखते हैं, लेकिन अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वार्ड में एक हजार लोग निवासरत हैं, लेकिन यहां पेयजल संकट का समाधान नहीं हो रहा है। वार्ड पार्षद डी शोभारानी है इससे पहले इनके पति डी वेकंट पार्षद थे। वो भी इस समस्या को हल नहीं करा पाए। निगम में जल विभाग अधिकारी सिर्फ एसी में बैठकर आराम की नौकरी कर रहे हैं। पेय जल की शिकायतों से उनका कोई वास्ता नहीं है। लोगों का कहना है कि आने वाले चुनाव में वो इसका जवाब अपने मत से देंगे। पिछले कुछ समय से क्षेत्र में पानी का संकट गहराते जा रहा है।

## निगम पहुंचे वार्ड 28 के लोग, आयुक्त से की मुलाकात तो मिला सिर्फ आश्वासन

### जनसहयोग से बोर का सामान लिया

पूर्व पार्षद डी वेकंट ने बताया कि वार्ड में पेयजल समस्या से निपटने के लिए यहां के लोगों ने जनसहयोग से बोर का सामान लिया है, लेकिन बिजली कनेक्शन के लिए भिलाई-चरोदा निगम का चक्कर काटते थक गए हैं। इसके अलावा पेयजल संकट से निपटने के लिए कोई भी अधिकारी जनता को समस्याओं निजात दिलाने सामने नहीं आ रहें है।



### चक्कर लगाकर थक चुके



पार्षद डी शोभारानी ने बताया कि वार्ड में पेयजल संकट बड़ी समस्या है। इस साल यह समस्या और बढ़ गई है। मोटर का कनेक्शन के लिए निगम के चक्कर लगाना पड़ रहा है। हजारों की आबादी वाले इस वार्ड में लोगों के घर नहाने तक का पानी नहीं पहुंच रहा है।

### पेयजल संकट से निपटने व्यवस्था

पेयजल संकट को लेकर शिकायत करने पहुंचे लोगों को उनकी व्यवस्था के लिए अधिकारी को अवगत कराया गया है। इसके अलावा जल संकट से निपटने के लिए वार्डो में टैंकर से व्यवस्था की जा रही है। गर्मी में पेयजल की संकट न हो ऐसी व्यवस्था की जा रही है।

-डीएस राजपुत, आयुक्त नपानि भिलाई-चरोदा

## सत्तापक्ष भाजपा ने हाथों में बांधी काली पट्टी और कांग्रेस विरोधी नारे लगाए

# महिला आरक्षण के मुद्दे पर विशेष बैठक के औचित्य पर कांग्रेसियों ने सदन में उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संसद में गिरे नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 संशोधन विधेयक बिल गिर गया है। इस पर चर्चा को लेकर बुधवार को नगर निगम दुर्ग में विशेष समान्य सभा बैठक बुलाई गई। बैठक में कांग्रेस और भाजपा पार्षदों के बीच जमकर कहासुनी हुई। मुद्दे पर चर्चा पर कांग्रेसी पार्षदों ने जमकर सवाल खड़े किए। अमूमन विपक्ष के जवाब पर सत्तापक्ष भाजपा पार्षद मुखर होते हैं, लेकिन बुधवार को नगर निगम के स्व. मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजित सामान्य सभा की विशेष बैठक में निरुत्तर सत्तापक्ष खामोश नजर आया। हालांकि सत्तापक्ष के पार्षद महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस के खिलाफ नारे लिखे तख्तियां लेकर बैठक में शामिल हुए। वहीं विरोध स्वरुप उन्होने अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर कांग्रेस के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास किया।

सामान्य सभा की विशेष बैठक की कार्यवाही बुधवार को अपने निर्धारित समय दोपहर 2 बजे नेता प्रतिपक्ष श्याम शर्मा की अनुमति से शुरू हुई। बैठक में सर्वप्रथम महापौर अलका बाघमार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 संशोधन विधेयक (महिला आरक्षण बिल) के संसद में गिरने को लेकर निंदा प्रस्ताव पढ़ा। उन्होने इस विधेयक को महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए विधेयक को गिराने का कांग्रेस पर आरोप लगाया। उनका कहना था कि कांग्रेस महिला विरोधी है। इसलिए इस विधेयक कांग्रेस द्वारा संसद में पारित होने नहीं दिया गया। उन्होंने निगम सदन में पार्षद सदस्यों से निंदा प्रस्ताव पारित करने का आव्हान किया। महापौर के निंदा प्रस्ताव पढ़ने के बाद सभापति श्याम शर्मा द्वारा विधेयक पर चर्चा के लिए नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले को आमंत्रित किया गया। श्री कोहले ने नगर निगम की सामान्य सभा की विशेष बैठक के औचित्य पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि यह बैठक शहर में व्याप्त पेयजल संकट, कचरा गंदगी, शक्तिनगर तालाब के उन्नयन में भ्रष्टाचार या जनहित से जुड़े मुद्दे पर बुलाया जाता तो बेहतर होता,लेकिन नगर निगम को इसकी चिंता ही नहीं है। इसलिए इस मुद्दे को सामान्य सभा की बैठक में नहीं लाया गया है। सत्तापक्ष महिला आरक्षण बिल को लेकर केवल घड़ियाली आंसू बहाते नजर आ रही है, क्योंकि यह विधेयक सन 2023 में सर्वोच्च दोनो सदनों में पारित हो चुका है। राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षर कर इसे मंजूरी भी दे दी गई है।

## सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव बहुमत से पारित





### महिला आरक्षण बिल की आड़ में परिसीमन में होगा बड़ा खेल

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा कि महिला आरक्षण बिल के आड़ में भाजपा परिसीमन बिल को पारित करवाना चाहती थी। जिस पर कांग्रेस का विरोध था। कांग्रेस खुद महिला आरक्षण की पक्षधर है। इस मुद्दे पर भाजपा केवल राजनीति कर रही है। अगर उनको चिंता है तो महिला आरक्षण के पारित बिल को लागू कर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ क्यों नहीं दे रही है। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा कि कांग्रेस ने पंचायती राज अधिनियम लागू किया था। जिसकी वजह से महिलाओं को नगरीय निकायों और पंचायतो में पहले से ही आरक्षण मिल रहा है। वास्तविकता यह है कि भाजपा महिला आरक्षण बिल के आड़ में भाजपा परिसीमन बिल पास करवाना चाहती थी, लेकिन इस साजिश में वह असफल रही, इसलिए भाजपा बौखला गई है।

### विरोध के बाद भी बहुमत के आधार पर लाया गया प्रस्ताव पारित

इस मुद्दे पर सदन में पूर्व महापौर और वर्तमान पार्षद आरएन वर्मा ने कहा कि जनता से जुड़े आकस्मिक और गंभीर मुद्दे पर सामान्य सभा की विशेष बैठक बुलाई जाती है। महिला आरक्षण का यह मुद्दा जनता से जुड़ा मुद्दा नहीं है। मंत्री के फोन पर यह बैठक बुला दी गई है। जिसे मजबूरी की बैठक कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी। नगर निगम अगर महिलाओं की सम्मान की बात करती है तो महिलाओं को पिछले तीन माह से पेंशन क्यों नहीं मिला है। वर्मा ने इस मुद्दे पर निगम के सदन में चर्चा को समय व धन की व्यर्थ बर्बादी निरुपित किया। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है और महिला आरक्षण की हिमायती रही है। नगर निगम को जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए। बैठक में एमआईसी सदस्य नरेन्द्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, लीना दिनेश देवांगन, लीलाधर पाल, मनीष साहू, भाजपा पार्षद मंजू सेन, सरिता चंद्राकर, कांग्रेस पार्षद दीपक साहू, विजयंत पटेल, भास्कर कुंडले, मनीष बघेल, निर्दलीय पार्षद अजीत वैद्य, सरिता साहू के अलावा अन्य पार्षदगण, आयुक्त सुमीत अग्रवाल व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# दवा दुकानों पर पुलिस के साथ जांच पर दर्ज करवाई आपत्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ सीसीडीए ने सीएम साय से की मुलाकात

छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश में दवा दुकानों पर पुलिस बल की उपस्थिति में की जा रही संयुक्त जांच प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। संगठन ने इसे औषधि व्यवसायियों के सम्मान और मनोबल के विपरीत बताते हुए कहा कि इससे व्यापारिक वातावरण में भय और असमंजस की स्थिति बन रही है।

एसोसिएशन के प्रदेश सचिव अविनाश अग्रवाल और उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से बताया कि प्रदेश में 18 हजार से अधिक लाइसेंसधारी दवा विक्रेता और 40 हजार से ज्यादा प्रशिक्षित फार्मासिस्ट कार्यरत हैं, जो शहरी से लेकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं। कई स्थानों पर ये फार्मासिस्ट प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहली कड़ी के रूप में भी काम करते हैं। उन्होने कहा कि राज्य में पहले से ही पर्याप्त संख्या में औषधि निरीक्षक और संबंधित अधिकारी उपलब्ध हैं, जो नियमित रूप से जांच करते हैं। ऐसे में पुलिस की मौजूदगी में अलग से संयुक्त कार्रवाई करने से अनावश्यक दबाव और भय का माहौल बन रहा है, जिससे दवा आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा उन्होने जीएसआर 220 एवं 817 निरस्त करने और अवैध ऑनलाईन दवा विक्रय पर नियंत्रण की प्राथमिकता से मांग की है। श्री अग्रवाल और श्री साहू ने बताया कि एसोसिएशन ने जीएसआर 220 और जीएसआर 817 को भी निरस्त करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि इन प्रावधानों के कारण वैध दवा व्यवसायियों को प्रशासनिक जटिलताओं और व्यापार संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में नशे से जुड़े मामलों में ऑनलाइन माध्यमों से दवाओं की अवैध आपूर्ति की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। संगठन ने सरकार से अपील की है कि वैध दुकानों पर दबाव बनाने के बजाय ऑनलाइन अवैध दवा विक्रय पर कठोर नियंत्रण किया जाए। एसोसिएशन के प्रदेश सचिव अविनाश अग्रवाल और उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू ने कहा कि दवा विक्रेता हमेशा शासन-प्रशासन के साथ सहयोगात्मक भूमिका निभाता आए है।

# निजी स्कूलों की फीस हर साल बढ़ाए जाने पर लगाई जाए रोक, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर निजी स्कूलों की मनमानी और हर साल बढ़ाई जाने वाली फीस का विरोध किया। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अय्यूब खान ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि जिले के बहुत से निजी स्कूलों द्वारा हर साल फीस बढ़ाने की प्रक्रिया की जाती है जिनसे बहुत से अभिभावक परेशान यह बढ़ती हुई फीस हमारे लिए एक बड़ा बोझ बन गई है, जिससे हमारे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। सभी निजी स्कूलों को अपनी फीस बढ़ाने से पहले सरकार की अनुमति लेनी चाहिए और फीस बढ़ाने के कारणों को स्पष्ट करना चाहिए। हमें लगता है कि निजी स्कूलों को शिक्षा के नाम पर व्यवसाय कर रही है, बल्कि उन्हें समाज के गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों को भी शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। कुछ निजी स्कूलो तो में हर वर्ष मंथली फीस इतनी ज्यादा बढ़ाती जैसे कि 700 रुपये से लेकर 1000 माह तक जो साल के दस हजार से लेकर बारह हजार तक बढ़ जाता है इतना ही किसी अन्य निजी स्कूलो की साल की भर की फीस होती है ऐसा कुछ निजी स्कूलस जो बेहतासा फीस बढ़ा रहे ये शिक्षा और अपने स्कूल की प्रसिद्ध का नाज़यज फायदा उठा रहे हैं। अय्यूब खान ने बताया कि साथ में दूसरी महत्वपूर्ण विषय ये भी ग्रीष्म कालीन छुट्टी लगने के बाद भी निजी स्कूलों द्वारा 3 माह का पूरा ट्यूशन फीस लेना और बच्चों ट्रांसपोर्ट का फीस लेना भी बहुत अनुचित है। इस अवसर पर संदीप बख्शी, जसवंत गायकवाड़, राकेश दुबे, अभिषेक जांगड़े, कमल शर्मा, प्रशांत कुमार बख्शी, महेन्द्र वर्मा, अमर ठाकुर, विजेंद्र बंजारे, दिलेश्वर महेंद्र, लोकेश कुमार, दिलेश गायकवाड, गोविंद ठाकुर, बॉबी ठाकुर, अक्कू ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# रामलला दर्शन योजना के तहत दुर्ग से श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना




दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी रामलला दर्शन योजना" के अंतर्गत आज दुर्ग जिले से श्रद्धालुओं का एक बड़ा जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। दुर्ग रेलवे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। पूरे स्टेशन परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। दुर्ग रेलवे स्टेशन से 178 श्रद्धालुओं को रवाना किया गया।

इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने स्टेशन पर श्रद्धालुओं का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और उनकी सुखद व सुरक्षित यात्रा की कामना की। महापौर ने कहा कि यह योजना आमजन को भगवान श्रीराम के दर्शन का अवसर प्रदान कर रही है। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे समाज के हर वर्ग को अयोध्या धाम जाकर रामलला के दर्शन का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, आयुक्त सुमित अग्रवाल, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, तहसीलदार प्रफुल गुप्ता, राजस्व अधिकारी आरके बोरकर, निशांत यादव, गौतम साहू, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर सहित रेलवे विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अपोलो, विवेकानंद और पद्मनाभपुर फार्मेसी में फार्मासिस्ट अनुपस्थित, थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच बुधवार को भी रही जारी



राज्य शासन द्वारा 11 मई तक सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। औषधि शाखा द्वारा जांच अभियान के तीसरे दिवस में बुधवार को मेसर्स विशी मेडिकोज एण्ड कॉसमेटिक्स महाराजा चौक, मेसर्स मेडप्लस फार्मेसी, महाराजा चौक, मेसर्स सिटी मेडिकोज, सुपेला, भिलाई, मेसर्स मेडप्लस फार्मेसी, सुपेला, भिलाई, मेसर्स अल्का मेडिकल हॉल, सिरसा रोड, सुपेला भिलाई का निरीक्षण किया गया। फर्मों के क्रय-विक्रय रिकार्ड की जांच की गई। सख्त निर्देश दिये गए कि उनके द्वारा कास्मेटिक सामान का क्रय अधिकृत विक्रेताओं, एजेंसी से बिल के माध्यम से किया जाए। साथ ही मेसर्स अपोलो फार्मेसी बोरसी एवं मेसर्स विवेकानंद फार्मेसी, पद्मनाभपुर में फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए, जिस पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कुल 7 मेडिकल फर्मों का निरीक्षण किया गया। भविष्य में भी इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

इसी प्रकार खाद्य शाखा द्वारा जांच अभियान में विभिन्न क्षेत्रों में संचालित डेयरी प्रोडक्ट्स दूध, दही, पनीर, लस्सी, छाछ आदि विक्रेता फर्मों की जांच किया जा रहा है, जिसमें संचालकों को उचित साफ-सफाई के साथ व्यवसाय संचालित किये जाने का निर्देश दिया गया। रिसाली क्षेत्र में संचालित सिवान दूध डेयरी, संगम डेयरी, शुभम डेयरी, आनंद डेयरी एवं गोकुल डेयरी, धनोरा, आदि फर्मों का निरीक्षण किया गया। नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, परिजनों ने सहायता राशि के लिए लगाई गुहार

# अमलीडीह में जलसंकट, शिकायत लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ जनदर्शन में 117 आवेदन आए, टीएल में होगी चर्चा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुँचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अपर कलेक्टर योगिता देवांगन एवं डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 117 आवेदन प्राप्त हुए।

### गर्मी छुट्टी का शुल्क लिए जाने का विरोध

जिले के निजी स्कूलों की बढ़ती फीस और गर्मी छुट्टी का भी शुल्क लिए जाने के कारण अभिभावकों ने शिकायत की। अभिभावकों ने बताया कि निजी स्कूल बिना स्पष्ट कारण हर साल 700 से 1000 रुपये प्रतिमाह तक फीस बढ़ा देते हैं, जिससे सालाना बोझ 10 से 12 हजार रुपये तक बढ़ जाता है। इससे मध्यम और गरीब वर्ग के परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। निजी स्कूलों द्वारा हर साल फीस बढ़ाने की प्रक्रिया से सभी अभिभावक परेशान है। अभिभावकों ने मांग की है कि निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने से पहले शासन से अनुमति लेना अनिवार्य किया जाए और शुल्क वृद्धि के स्पष्ट कारण बताए जाएं। साथ ही, अवकाश अवधि में फीस वसूली पर रोक लगाने की मांग भी की। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### आर्थिक सहायता की मांग

बोरसी निवासी पिता ने अपने पुत्र की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद आर्थिक सहायता की मांग की। पिता ने बताया कि उनके पुत्र की मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौके पर ही मृत्यु हो गई। एक वाहन चालक ने उनके पुत्र को टक्कर मार दी। गंभीर चोट लगने के कारण युवक ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिससे परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### खारून नदी से पानी लाने की मांग

ग्राम पंचायत अमलीडीह की सरपंच ने जल संकट से निदान पाने के लिए खारून नदी पानी लाने की मांग की। उन्होंने बताया कि जिले के ग्राम पंचायत अमलीडीह में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव में पानी टंकी का निर्माण होने के बावजूद बोरवेल से पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की जमीन सूखी होने के कारण जल उपलब्धता नहीं हो पा रही है, जिससे पूरे गांव में पानी की समस्या बनी हुई है। उन्होंने खारून नदी से पाइपलाइन के माध्यम से पानी लाकर पंचायत की टंकी में आपूर्ति कराने की मांग की, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस पर कलेक्टर ने पीएचई को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# जिले के 297 पंचायतों और 10 निकाय होंगे बाल विवाह मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिले की ऐसी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त' घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जहां पिछले दो वर्षों में बाल विवाह का एक भी प्रकरण सामने नहीं आया है।

जानकारी के अनुसार जिले के कुल 300 ग्राम पंचायतों में से केवल 3 पंचायतों दुर्ग विकासखण्ड के खोपली व डूमरडीह और धमधा के नंदनी खुदिनी को छोड़कर शेष 297 ग्राम पंचायतों ने बाल विवाह मुक्त होने संबंधी दस्तावेज़ प्रस्तुत किए हैं। इसी प्रकार जिले के 11 नगरीय निकायों में से भिलाई नगर निगम को छोड़कर शेष 10 नगरीय निकायों में भी पिछले दो वर्षों से बाल विवाह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। इन सभी निकायों और पंचायतों को आधिकारिक तौर पर बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण पत्र जारी किया जाना प्रस्तावित है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सूचित किया है कि यदि किसी व्यक्ति या संस्थान को इस घोषणा के संबंध में कोई आपत्ति हो या किसी बाल विवाह के प्रकरण की जानकारी हो, तो वे 7 दिनों के भीतर अपने लिखित प्रमाणों के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पांच बिल्डिंग परिसर में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मकान में आगजनी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान में आग लगाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि राजीव नगर निवासी गीता बाई खांडेकर का आरोपी वार्ड 4 दुर्ग निवसी आकाश यादव उर्फ बुद्धु के साथ रंजिश होने के कारण मकान में आग लगा दिया था। घटना में पलंग, कुलर एवं अन्य घरेलू सामान जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में 20 हजार रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण करने पर तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आकाश यादव को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### हाईटेंशन केबल की चपेट में आने से युवक की मौत

**भिलाई।** रेलवे ट्रैक पर गिरकर करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जीआरपी दुर्ग ने बताया कि गीतांजलि एक्सप्रेस के इंजन के उसके ऊपर विक्षिप्त युवक चढ़ गया था। जब उसे किसी तरह उतारने का प्रयास किया तो वह हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर ट्रैक के पास गिरा पड़ा मिला। युवक का पूरा शरीर बिजली के करंट से झुलस गया था। गंभीर अवस्था में युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर जाया गया। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई है। खबर लिखे जाने तक उसका शिनाख्त नहीं हो पाया है।

### निगम आयुक्त ने भेजा समग्र स्वच्छता मॉडल




**भिलाई।** भिलाई निगर निगम के साढ़े 52 वार्डों की सफाई में निगम अब तक ठेका पद्धति से हर साल 65 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च कर रहा था। इसको लेकर सामान्य सभा में चर्चा के बाद टेंडर लगाने की बात भी आई थी, लेकिन निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने निगम की माली हालत को देखते हुए ना सिर्फ टेंडर लगाने से मना किया, बल्कि उन्होंने राज्य सरकार को एक समग्र स्वच्छता मॉडल भेजा है। आयुक्त ने शासन को लिखे पत्र में बताया कि यदि वो उनके मॉडल के मुताबिक प्लेसमेंट एंजेंसी से वार्डों की सफाई का कार्य कराएंगे तो हर साल मात्र 35 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। यदि यह काम ठेका देकर कराया जाता है तो 65 करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इससे निगम के ऊपर 30 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा। निगम आयुक्त के पत्र पर शासन ने संज्ञान लिया है। यह कहा जा रहा है कि आयुक्त और महापौर के बीच की लड़ाई भी इसी सफाई ठेका को लेकर है। एक तरह जहां भाजपा के कुछ पार्षद और महापौर और उनके पार्षदों की टीम उन्हें हटाने पर लगी है, वहीं आयुक्त का यह पत्र और सुझाव नहले पर दहला वाला साबित हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कहा कि निगम में पहला ऐसा आयुक्त उन्होंने देखा है, जो जनहित को लेकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयुक्त के मॉडल से जो 30 करोड़ रुपए की राशि बचेगी वह उनके जेब नहीं बल्कि जनता की सुविधाओं व विकास में खर्च होगा। इससे निश्चित रूप से नगर निगम क्षेत्र का विकास होगा।

### आम सूचना

मेरे हितार्थ पक्षकार संजय यादव आ. स्व. त्रिभुवन लाल यादव, स्थायी पता-ठेठवार पारा, डोगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव छ.ग. जिनकी पैत्रिक भूमि मौजा ग्राम-खेरूद, रा.नि.म. डुण्डेरा, तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद में स्थित है। जिसमें मेरा पक्षकार और उसके चाचा शिवदयाल विगत अनेक वर्षों से काबिज कास्त है परंतु उपरोक्त भूमि जिसका ख.नं. 205, 351, 1082, 1085, 496, 747, 1458, 1166, 1086, 495, 1457, कुल खसरा 11, कुल रकबा 3.94 हे. मेरे पक्षकार के बड़े पिता चिन्ताराम के नाम पर उपरोक्त पैत्रिक भूमि दर्ज है जो कि चिन्ताराम की निजी भूमि नहीं है, इस संबंध में व्यवहार न्यायालय गुण्डरदेही में व्यवहार प्रकरण लंबित है। इसी तरह पैत्रिक भूमि का खसरा नं.-13, 210/3, 761 कुल खसरा-03, कुल रकबा 1.04 हे. कृपाराम के नाम पर दर्ज है। जिस संबंध में व्यवहार प्रकरण गुण्डरदेही न्यायालय में लंबित है। मेरे पक्षकार को तत्संबंध में विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि चिन्ताराम एवं कृपाराम उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का प्रयास कर रहे है तत्संबंध में सर्वसाधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि मेरे पक्षकार और उसके परिजन काबिज कास्त है और उपरोक्त भूमि के संबंध में न्यायालयीन प्रकरण लंबित है। उपरोक्त भूमि के क्रय-विक्रय की स्थिति में न्यायालयीन प्रकरण का आदेश प्रभावी होगा एवं उपरोक्त भूमि कब्जे के अभाव में खरीदी-बिक्री करने की स्थिति में मेरे पक्षकार के हितों से प्रभावित होगा। जिस संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है।

सो सूचना जाने।

स्थान-दुर्ग
दिनांक -28/04/2026

भवदीय,
Arvind Tripathi
Mob. : 8305404666,
Jitendra Deshmukh
Mob. : 9827174318
District Court, Durg (C.G.)

---

**समस्या**

**काम, खतरे में ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने उठाया मुद्दा**

# जल जीवन मिशन की टंकी बनी शोपीस बगदई में करोड़ों की योजना पर सवाल

ओम प्रकाश टुवानी ▶▶| गुरूर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत बगदई में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पानी टंकी अब उपयोग के बजाय शोपीस बनकर रह गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना का क्रियान्वयन धीमी गति और लापरवाही के साथ किया गया, जिसके चलते आज भी लोगों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

■ जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों के अनुसार बोरवेल का पानी सीधे टंकी में भरकर घर–घर सप्लाई तो किया जा रहा है, लेकिन टंकी की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर गंभीर खामियां सामने आई हैं। टंकी के ऊपर अब तक ढक्कन नहीं लगाया गया है, जिससे पानी की शुद्धता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ठेकेदार एवं पीएचई विभाग की लापरवाही कि टंकी



निर्माण के दौरान की लगाई गई सेंटरिंग भी आज तक नहीं हटाई गई है, जो दुर्घटना का कारण बन सकती है। यही नहीं, टंकी के नीचे समतलीकरण और रखरखाव के लिए भी कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। वर्तमान में टंकी के आसपास गड्ढे बने हुए हैं, जो दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और टंकी को पूरी तरह व्यवस्थित कर आम जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। जनपद सदस्य लता लक्ष्मी चंद साहू ने भी इस मुद्दे को सामान्य सभा में कई बार उठाया है। लक्ष्मी चंद साहू का कहना है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को बार–बार अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। वहीं जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी जानकारी देने में भी टालमटोल कर रहे हैं। सरपंच सुनीता शिवेन्द्र ने बताया अभी भी कई घरो में पानी नही पहुंच रहा है। पाईप लाईन का कार्य अधूरा है। पाईप की गुणवत्ता खराब होने से वह बार बार फूट रहा है जिसे पंचायत द्वारा बनाया जा रहा है। टंकी में सीपेंज है।

## 4 साल बाद भी नहीं मिला शुद्ध पानी जल जीवन मिशन फेल साबित

अंडा ▶▶| संजय कुमार साहू



केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना जिले के कई गांवों में दम तोड़ती नजर आ रही है। करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई पानी टंकियां आज सिर्फ "शोपीस" बनकर रह गई हैं, जबकि ग्रामीणों को अब तक शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि योजना का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। हालात यह हैं कि कई जगहों पर बोरवेल का पानी सीधे टंकी में भरकर घर-घर सप्लाई किया जा रहा है, लेकिन उसमें किसी प्रकार का फिल्टर सिस्टम नहीं लगाया गया है। ऐसे में यह पानी पीने योग्य नहीं है और लोग मजबूरी में इसे केवल नहाने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक, रूदा गांव से फिल्टर होकर पानी सप्लाई की योजना बनाई गई थी, लेकिन करीब चार साल बीत जाने के बाद भी यह व्यवस्था शुरू नहीं हो पाई। इससे "हर घर नल-जल" का सपना अधूरा नजर आ रहा है और योजना फेल साबित होती दिख रही है। इसी बीच ग्राम रूदा में नियम विरुद्ध एल्यूमीनियम की पानी टंकी बनाए जाने का मामला भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, इस टंकी से अब तक पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। इस मुद्दे को लेकर जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू ने सामान्य सभा में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन अब तक स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाया है कि पानी सप्लाई कब तक शुरू होगी।

वहीं, जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि संबंधित विभाग के अधिकारी जानकारी देने में भी टालमटोल कर रहे हैं और कार्यों में देरी हो रही है, जिससे योजना की प्रगति पर सवाल उठ रहे हैं। झोला, भोथली, खड़ा, रूदा, तिरगा सहित कई गांवों में यही स्थिति बनी हुई है। बिना फिल्टर के पानी की सप्लाई से ग्रामीणों में बीमारियों का खतरा बढ़ने का खतरा बना हुआ है, जिससे लोगों में चिंता बनी हुई है।

## जल जीवन मिशन की टंकी अधूरी, आश्रित ग्राम काकड़कसा के ग्रामीण पानी के लिए परेशान

ओम गोलछा ▶▶| डोंडी

बालोद जिले के आदिवासी विकासखंड डोंडी अंतर्गत ग्राम पंचायत चिहरो के आश्रित ग्राम काकड़कसा 1 एवं काकड़कसा 2 में जल जीवन मिशन के तहत बनाई जा रही पानी टंकी आज तक अधूरी पड़ी है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना है, लेकिन यहां योजना सिर्फ कागजों और फाइलों में ही सिमटकर रह गई है। जमीनी हकीकत यह है कि गांव की जनता आज भी पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए तरस रही है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी निर्माण कार्य लंबे समय से अधर में लटका हुआ है। निर्माण स्थल पर काम पूरी तरह ठप पड़ा है। गर्मी के मौसम में हालात और भी भयावह हो गए हैं, जहां महिलाएं, बुजुर्ग दूर-दराज से पानी ढोने को मजबूर हैं। प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित ठेकेदार को प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया था। नोटशीट में समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं होने पर जवाब मांगा गया है। लेकिन सवाल यह है कि नोटिस के बाद भी आखिर कार्रवाई कहां गई? काम अब तक अधूरा क्यों पड़ा है? क्या सिर्फ कागजी नोटिस देकर जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो गए? यदि समय पर निगरानी और सख्त कार्रवाई होती, तो गांव की जनता को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता। यह मामला प्रशासनिक उदासीनता और ठेकेदारी व्यवस्था की पोल खोलता नजर आ रहा है। क्षेत्र के जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी ने तीखा विरोध जताते हुए कहा कि जल जीवन मिशन जैसी योजना में इस प्रकार की लापरवाही बेहद शर्मनाक है। जनता प्यास से परेशान है और जिम्मेदार लोग चुप बैठे हैं। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी। ग्रामीणों ने भी मांग की है कि अधूरी टंकी का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए, दोषी ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

■ निर्माण कार्य ठप, गर्मी में बढ़ी समस्या, सरकारी योजना कागजों तक सीमित

## सेवानिवृत्त प्राचार्य को दी गई विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शास उच्च माध्य विद्यालय भीकन्हार में प्राचार्य श्री पी. आर. रात्रे जी के सेवानिवृत्त होने पर 29 अप्रैल दिन बुधवार को विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस विद्यालय में आने पर मुझे बहुत अच्छे-अच्छे अनुभव प्राप्त हुए । मैंने पाया कि यहां पर हर शख्स अपने कार्य में दक्ष है।

शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने में पूरे विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।भावुक होते हुए, प्राचार्य पी आर रात्रे ने अपने विदाई भाषण में सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और छात्रों को अनुशासित रहकर



देश के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य ने अपने संबोधन में कहा कि प्राचार्य पी.आर रात्रे जी ने केवल अकादमिक स्तर को ऊंचा उठाया, बल्कि अनुशासन और नैतिक मूल्यों को भी बढ़ावा दिया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरसिंह साहू, सदस्य जयपाल ठाकुर, नकुल चंद्राकर, ललित चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि डामन देवहारी एवं सरपंच अश्वनी खरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य टी. एल. साहू ने की। इस अवसर पर व्याख्याता एस.के.शाह, के. एल.देवांगन सहित समस्त शाला परिवार एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान शाला प्रबंधन समिति द्वारा सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री रात्रे जी को रामायण ग्रंथ उपहार स्वरूप भेंट किया गया। साथ ही प्राथमिक शाला भीमकन्हार एवं माध्यमिक शाला भीमकन्हार द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने रात्रे के शैक्षणिक योगदान एवं उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह भावपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## गुण्डरदेही में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिले देवेंद्र यादव, संगठन मजबूती पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव व भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव बुधवार को गुण्डरदेही पहुंचे, जहां उन्होने कांग्रेस कार्यकर्ताओ से मुलाकात की। यादव ने आगामी युवा कांग्रेस चुनाव व संगठन को मजबूती प्रदान करने के संबंध में कार्यकर्ताओ से चर्चा की।

यादव ने कांग्रेस कार्यक्रताओ को प्रोत्साहित किया और उनकी बाते सुनकर संगठन मजबूत करने की बात कही। मुलाकात के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कचरु राम साहू, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संजय साहू, पूर्व नगर पंचायत



अध्यक्ष केके राजू चंद्राकर, पार्षद फैज़ बख्श, पार्षद सलीम खान, अर्जुंदा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जीवन बांधे, रवि तिवारी, रिजवान तिगाला, जनपद सदस्य आसिफ गहलोत, आशीष साहू, अनुभव शर्मा, प्रवेश जैन, वैभव वाघवानी, रुस्तम सोनकर, भूपेश साहू, लालू सोनकर, लिखन निषाद, सूरज सोनकर सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी उपस्थित थे।

## बालोद में बुनियादी सुविधाओं पर शिवसेना नेता का हमला, "ट्रिपल इंजन सरकार फिर भी हाल बेहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिवसेना नेता विजय पारख ने कहा कि बालोद जिले के सभी नगरीय निकायों में ट्रिपल इंजन की सरकार बैठी है फिर भी जिले वासियों को अपने प्राथमिक सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा के गुणवत्तापूर्ण जरूरतों की पूर्ति नहीं हो रही है। विजय पारख ने बताया कि जिले की नव निर्मित नेशनल हाईवे, पीडब्ल्यूडी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कें गुणवत्ता हीन, टूटी फूटी, गड्ढों से भरी और अमानक स्तर, दुर्घटना जन्य है। दसवीं बारहवीं के बोर्ड परीक्षाओं में बालोद जिले का टॉप टेन सूची से बाहर होना शिक्षा के गिरते स्तर को दर्शाता है, शिक्षकों एवं विभाग के उच्चाधिकारियों का आपसी तालमेल ना होना विद्यार्थियों के भविष्य एवं आधुनिक शिक्षा पद्धति को नजरअंदाज करना साबित करता है। जिले में तीन जलाशयों के विशाल जलराशि भंडार होने के बावजूद हर घर शुद्ध पेयजल नल जल योजना फेल होना शर्मनाक है, निकाय क्षेत्रें में तक वॉटर फिल्टर से शुद्ध पेयजल की सप्लाई ना होना गंभीर समस्या है।

■ भ्रष्टाचार और संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप

पारख ने कहा कि बालोद जिले में इन प्रमुख पार्टियों के बीच आपसी बंदरबांट जैसी स्थिति है, नतीजा जिले में गौण खनिज संपदा, जल संपदा, उन्नत फसल पैदावारी, हरे भरे पर्यावरण और पर्यटन की अपार क्षमताओं, संभावनाओं के बावजूद जहां आम जन जीवन अस्त व्यस्त है। वहीं नशाखोरी, कमीशनखोरी, जिला खनिज न्यास डीएमएएफ फंड के बेजा दोहन ने लोगों को ठगा सा महसूस करा रहा है।

## दल्लीराजहरा में भामाशाह जयंती धूमधाम से मनाई, सामाजिक एकता का दिया संदेश

**त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक भामाशाह जयंती पर साहू समाज का गौरवपूर्ण आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में तहसील साहू संघ द्वारा दानवीर भामाशाह जयंती उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक एकजुटता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों और नागरिकों ने भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को नमन किया और राष्ट्रसेवा की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भामाशाह केवल एक समाज विशेष के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने अपनी समस्त संपत्ति समर्पित कर मातृभूमि की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जो त्याग, निष्ठा और देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उनका जीवन



आज भी समाज को ईमानदारी, उदारता और परोपकार की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में समाज के प्रतिनिधियों ने शिक्षा, संगठन और सेवा के महत्व पर जोर देते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे भामाशाह के आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही यह भी कहा गया कि व्यापार के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाना ही भामाशाह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थित रूप से किया गया तथा अंत में आभार प्रदर्शन के साथ आयोजन का समापन हुआ। बड़ी संख्या में समाज के सदस्यों की सहभागिता ने आयोजन को सफल और प्रभावशाली बनाया, जिससे सामाजिक एकता और जागरूकता का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।

## पेज 11 का शेष

### 3 मई को नीट परीक्षा...

परीक्षा में शामिल होने के लिए एनटीए की वेबसाईट से डाउनलोड किया गया एडमिट कार्ड प्रवेश पत्र और उस पर चिपकाई गई पोस्टकार्ड साइज फोटो एवं कोई भी एक मूल वैध फोटो पहचान पत्र के अंतर्गत पैनकार्ड, पासपोर्ट, आधार कार्ड, राशन कार्ड, छात्र आईडी आदि एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटो अपने साथ लाना अनिवार्य है। लकरा ने परीक्षार्थियों को अपने साथ परीक्षा केन्द्र में लाने से वर्जित सामग्रियों के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों ले जाने की बिल्कुल भी अनुमति नही होगी। इसके अलावा परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की आरनॉमेन्टल, ज्वेलरी इत्यादि ले जाने की अनुमति नही दी जाएगी। इसके अलावा परीक्षार्थियों को पतले तलवे वाली चप्पले पहनने होगी, जूते पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नही दी जाएगी। जारी किए निर्देशों के आधार पर लड़का एवं लड़की दोनों को हाफ स्लीव्स यानी आधी बाजे वाले कपडे पहनने होगें, फुल स्लीव्स पहन कर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को केवल हल्के कलर के ही कपड़े पहनकर आने को कहा गया है। किसी भी स्थिति में डार्क कलर के कपडे पहनकर परीक्षा केन्द्र में नही आने की समझाईश भी दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा नीट परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले जिले के सभी परीक्षार्थियों से प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अनुकूल वेशभूषा के साथ ही परीक्षा केन्द्र में आने का अनुरोध किया गया है। जिससे कि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना।

### कलेक्टरने ...

परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने हेतु जारी किए गए दिशा–निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा है। उन्होंने सभी पालकों से भी अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने एवं किसी भी प्रकार के मानसिक दबाव से मुक्त रखने के अलावा परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में पहुंचाने की भी अपील की है।

### 2 मई को बालोद प्रवास ...

राजस्व अनुविभागीय अधिकारी नूतन कंवर, पुरूर में तहसीलदार हनुमंत सिंह श्याम, झलमला चौक में नायब तहसीलदार मुकेन्द्र गजेन्द्र, विश्राम गृह बालोद में तहसीलदार आशुतोष शर्मा एवं अतिरिक्त तहसीलदार संध्या नामदेव एवं गुण्डरदेही में अतिरिक्त तहसीलदार हेमंत पैकरा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



## खबर संक्षेप



### शिक्षक रमाकांत चंद्राकर को भावभीनी विदाई

**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बघमरा के शिक्षक रमाकांत चंद्राकर के सेवानिवृत्त होने के बाद गुरुवार को स्कुल प्रबंधन समिति के सदस्यो व वरिष्ठ नागरिको ने शाल श्रीफल व शील्ड प्रदान कर विदाई दी है। इस अवसर पर हरीश निषाद पार्षद, कालिंदा निषाद, किशन सोनकर, पलटू राम निषाद, शिक्षक गण गोपाल सोनकर, गुनेश्वरी गंजीर, पूर्णिमा साहू उपस्थिति रहे। पार्षद हरीश निषाद ने कहा कि शिक्षक रमाकांत चंद्राकर हमेशा स्कुल के विकास के प्रति अपनी बात रखते थे, मिलनसार के साथ बच्चों से भी काफी लगाव था। उन्होने बच्चो के पढ़ाई को पहले महत्व दिया है, उनके द्वारा स्कुल के प्रति किए गए कार्यो को हमेशा याद रखा जाएगा।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा 10 को

**बालोद।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय में सत्र 2026–27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विद्यार्थी प्राक्चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए 01 मई से 10 मई तक प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। उन्होंने बताया कि कक्ष में ओएमआर भराने का समय 09.30 बजे तथा परीक्षा प्रारंभ एवं समाप्ति का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी प्राक्चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र अथवा प्रवेश पत्र के संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त कर सकते हैं।

### बुद्ध पूर्णिमा पर आज से "गृहे-गृहे यज्ञ" अभियान

**बालोद।** गायत्री परिवार विकासखंड बालोद द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार एवं जिला गायत्री परिवार बालोद के मार्गदर्शन में 1 से 4 मई तक गृहे गृहे यज्ञ अभियान संपन्न की जाएगी। इस दौरान प्रत्येक सक्षम परिजन भाई–बहन प्रतिदिन तीन घरों में यज्ञ करेंगे शेष परिजन भाई–बहन अपनी स्थिति परिस्थिति के अनुसार यज्ञ करेंगे। यज्ञ पश्चात उसकी जानकारी यजमान एवं पुरोहित का नाम एवं मोबाइल नंबर सहित व्हाट्सएप या प्रपत्र में लिखकर विकासखंड गायत्री परिवार बालोद में भेजेंगे।

### सामान चोरी करने वाले पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** बिल्डिंग मटेरियल के सामान को चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि नेवई भाटा निवासी ओम प्रकाश तारम, रोहित यादव ने निर्माणाधीन मकान से 10 बोरी सीमेंट, 3 बंडल लोहे की राड व 1 बोरी केबल वायर चोरी को अंजाम दिया था। आरोपियों के निशानदेही पर सामान जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों को पकड़ है।

---

परिणाम : कड़ी मेहनत, अनुशासन और धैर्य का ही यह परिणाम

# टटेंगा स्कूल का बोर्ड परिणाम उत्कृष्ट, 12वीं में 85.3 प्रतिशत और 10वीं में 76 प्रतिशत विद्यार्थी सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विगत दिनों माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय में कक्षा 12वीं के 85.3 प्रतिशत तथा 10वीं के 76 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत सभापति टूमन साहू तथा प्राचार्य आर.के. देवांगन की उपस्थिति में व्याख्याता अजय पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि 12वीं विज्ञान संकाय में मयंक देवांगन ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। त्रिलोक चंद ने 87.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा अभिषेक देवांगन और वाणिज्य संकाय के रोशन लाल ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने सभी विषयों में विशेष योग्यता भी अर्जित की। वाणिज्य संकाय में डिंपल यादव ने 76 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं रुक्मणी ने 69 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कला संकाय में हिमानी ने 80 प्रतिशत के साथ प्रथम, अंजलि ने 67 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा हिना ने 63.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 10वीं के परिणाम में छबि साहू ने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भावना सुधाकर 91 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं प्रियल बोरकर 88.5 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर जनपद पंचायत सभापति टूमन साहू ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों, शिक्षकों और मित्रों को जाता है। उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और धैर्य का ही यह परिणाम है। प्राचार्य आर.के. देवांगन ने विद्यालय के परिणाम पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थी की सफलता ही एक शिक्षक के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होती है।



कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रा देबनाथ, रेशमी साहू, हेपशीबा एंथोनी, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, सी.पी. सोनबोईर एवं कुंदन यादव सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## ओडारसकरी मिडिल स्कूल में कक्षा 7वीं का परिणाम घोषित



**अण्डा।** मिडिल स्कूल ओडारसकरी में कक्षा सातवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ओडार सकरी के सरपंच अनिल सोनी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को रिजल्ट वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। सरपंच अनिल सोनी ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।शाला विकास समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों ने भी बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें आगामी कक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विद्यालय का माहौल उत्साह और खुशी से भरा रहा।

## चीचा की भावना सिन्हा को 12वीं बोर्ड में 87.6 प्रतिशत मिले

**अण्डा।** ग्राम चीचा (अर्जुन्दा)की होनहार छात्रा भावना सिन्हा ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार, विद्यालय और पूरे गांव का नाम रोशन किया है। भावना ने गणित संकाय से परीक्षा देते हुए कुल 500 अंकों में से 438 अंक हासिल किए हैं, जिससे उनका प्रतिशत 87.6% रहा। इस शानदार सफलता के साथ उन्होंने अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।



भावना सिन्हा, पिता सुरेश सिन्हा और माता निर्मला सिन्हा की पुत्री हैं। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई (चीचा), जिला बालोद से अपनी पढ़ाई पूरी की है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

भावना अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, चाचा राजेश सिन्हा, शिक्षकों और परिवार के सदस्यों को दी हैं, जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन और सहयोग किया। उनका कहना है कि नियमित पढ़ाई और परिवार का समर्थन ही उनकी सफलता की कुंजी रहा है। भावना का सपना सिविल सेवा में जाकर प्रशासनिक अधिकारी बनने का है। वह आईएएस या आईपीएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं और अपने स्वर्गीय दादा लखन लाल सिन्हा के सपनों को साकार करना चाहती हैं।भावना की इस उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षकों, ग्रामवासियों और परिजनों ने उन्हें बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा का शानदार परिणाम 10वीं-12वीं में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल (ए.पी.एस.) डौंडीलोहारा का हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम इस वर्ष उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों के कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है कि विद्यालय ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन किया है।

कक्षा 10वीं के परिणाम में साक्षी भूआर्य ने 89.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। देविका सोनकर ने 88.16 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं आदित्य कुमार ठाकुर ने 85.16 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं के परिणाम में सुरभि कसार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राची संचेती ने 89 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं समीर भंडारी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस



सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों के निरंतर परिश्रम, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। संस्था ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष प्रतीक जैन, उपाध्यक्ष संदीप जैन, सचिव दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, नोपचंद जैन, रवि जैन, प्रभा जैन, पालक सलाहकार एवं आनंद पब्लिक स्कूल परिवार के समस्त सदस्यों ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### डौंडी ब्लॉक मेरिट सूची से बाहर शिक्षा समिति ने जताई चिंता

**डोंडी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को जनपद पंचायत डौंडी की शिक्षा समिति ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शिक्षा समिति के सभापति भोलाराम नेताम ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बालोद जिले के डौंडी ब्लॉक के किसी भी स्कूल का नाम मेरिट सूची में शामिल नहीं हुआ, जो चिंता का विषय है। इस स्थिति की समीक्षा की जाएगी और आने वाले समय में बेहतर परिणाम के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। नेताम ने कहा कि अब सभी स्कूलों का नियमित निरीक्षण शिक्षा समिति और शाला विकास समिति द्वारा किया जाएगा। अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की भी समीक्षा होगी और अपेक्षित प्रदर्शन नहीं होने पर संबंधित शिक्षकों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद शासकीय स्कूलों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, जबकि निजी स्कूलों के विद्यार्थी मेरिट में स्थान बना रहे हैं।

### जगतरा स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत, विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**गुरूर।** शासकीय हाईस्कूल जगतरा का बोर्ड परीक्षा परिणाम लगातार तीसरा वर्ष शत प्रतिशत रहा। शाला के 27 विद्यार्थीयो में से 3 बालक व 12 बालिका कुल 15 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 5 बालक, 07 बालिका कुल 12 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। शाला में प्रतिभा मंडावी 85 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, पियूशा मसीह 78 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, धनराज मरकाम 75 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस पर शाला के प्राचार्य खिलावन सिंह कटेन्द्र एवं व्याख्यता राजीव कुमार सिन्हा, राजेन्द्र कुमार ध्रुवे, लीना, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कृष्णा यादव, प्रभुलाल यादव, सरपंच ग्राम पंचायत बालोदगहन भगवान दास मरचुरिया ने विद्यार्थीयो एवं शिक्षको के प्रति हर्ष व्यक्ति किया।

## डौंडी की होनहार बेटी कामना जैन ने 12वीं में 85 प्रतिशत मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

कामना जैन ने डौंडी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से 12वीं की परीक्षा में 85% अंक हासिल कर स्कूल में टॉप किया है। कामना के पिता लक्ष्मी कांत जैन दल्ली राजहरा माईनस मे सुपरविजन कार्य करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने हमेशा बेटी को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। मां ममता जैन पार्षद के रूप मे नगर मे कई जन सेवा कार्य करती हैं।

कामना जैन रोज स्कूल के बाद 4 घंटे पढ़ाई करती थी। शुरुआत से ही कड़ी मेहनत कर कभी कभी तों दीये की रोशनी में पढ़कर भी उसने ये मुकाम हासिल किया। कामना के टॉप करने की खबर मिलते ही स्कूल की प्राचार्या , सभी शिक्षक, डौंडी नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और नगर के गणमान्य नागरिकों ने घर पहुंचकर मिठाई खिलाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्कूल



प्राचार्या ने कहा, की कामना स्कूल की अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा है। उसने साबित किया कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कामना जैन ने बताया कि वह आगे कलेक्टर बनकर अपने पिता और नगर का नाम रोशन करना चाहती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। कामना जैन की इस उपलब्धि पर पूरे डौंडी क्षेत्र में खुशी की लहर है। सभी ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बोर्ड रिजल्ट पर कांग्रेस का वार: टॉप-10 से बाहर बालोद, शिक्षा व्यवस्था पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता मोंटू चंद्राकर ने कहा कि बुधवार को जारी माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा दसवीं और बारहवीं का जो परिणाम जारी किया है। उसमें बालोद जिला से एक भी विद्यार्थी का नाम नहीं आना बालोद जिला के लिय शर्मनाक है।



यह जो परिणाम आया है वो बालोद जिला के गिरते शिक्षा के स्तर को बता रहा है, जबकि बालोद जिला का रिकॉर्ड अच्छे परिणाम का रहा है। बीते पांच सालों में यहां से अनेक विद्यार्थियों ने टॉप टेन में जगह बनाया था, 2021–2022 में तीन विद्यार्थियों ने, 2022–2023 में कुल चार विद्यार्थियों ने, 2023–2024 में कुल 12 विद्यार्थियों में जिसमें कक्षा दसवीं से 11 विद्यार्थियों ने एक रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन आज जो परिणाम आया है वो बालोद जिला को निराश किया है। क्योंकि जिलेवार स्थिति पर बात किया जाय तो उसमें बालोद जिला कक्षा दसवीं में 65.94 प्रतिशत के साथ 29वां नंबर पर है और कुल 10426 में से 6867 विद्यार्थियों ने पास किया है और 2520 विद्यार्थी फेल हुए है जबकि बारहवीं में तो और स्थिति खराब है इसमें 77.79 प्रतिशत के साथ 30वां नंबर पर है। जिसमें कुल 8745 विद्यार्थी में 6800 पास हुए है जबकि 819 छात्र असफल रहे। सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात तो ये है कि शिक्षा मंत्री का गृह जिला दुर्ग का भी स्थिति बालोद जिला के समान है, पूर्वती भूपेश बघेल की सरकार में जो आत्मानंद स्कूलों में लगातार काम किया जा रहा था। लेकिन आज की वर्तमान सरकार इस योजना पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके कारण ये परिणाम आया है।

## डौंडीलोहारा विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



**डौंडीलोहारा।** शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला डौंडीलोहारा में कक्षा छठवीं एवं सातवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम संस्था प्रमुख कमल कुमार आलेंद्र द्वारा घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

घोषित परिणाम के अनुसार कक्षा छठवीं में डेविड कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं दीपांशु पांडे ने द्वितीय तथा प्रेम कुमार गांवरे ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार कक्षा सातवीं में पंकज पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जबकि सीमांत साहू द्वितीय एवं प्रेम मजूमदार तृतीय स्थान पर रहे। परिणाम घोषणा के दौरान शिक्षिका सातों धनकर एवं वंदना साहू ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन लोकेश्वर सिंह निषाद द्वारा किया गया, वहीं आभार प्रदर्शन लक्ष्मी चंद सोनवानी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा जताई।

### हत्या और लूट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** हत्या और लूट का फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि आरोपी योगेंद्र निषाद उर्फ बाठु को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक नारायण उर्फ रामनारायण के जेब से 2400 रुपये निकालने पर मृतक द्वारा विरोध किए जाने पर विवाद के बाद हत्या करना स्वीकार किया। नाबालिग दोस्त द्वारा हाथ-मुक्के से मारपीट कर उसे घसीटकर दुर्गा मंच के पास ले जाकर पत्थर से चेहरे,सिर पर हमला कर मौत के घाट उतारा गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

टैगिंग वाले खाद की बिक्री नहीं करने का निर्णय

## बालोद में खाद दवाई विक्रेता संघ का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खाद दवाई विक्रेता संघ जिला बालोद का गठन गुरूवार को किया गया है। इसमे केदार देवांगन को जिला अध्यक्ष चुना गया। राजकुमार टुवानी एवं संतोश गंगबेर जिला संघ के संरक्षक होंगे। इस दौरान जिला संघ की बैठक में विभिन्न विशयो पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि जिन खादो में टैगिंग है ऐसे खाद की बिक्री व्यापारी नही करेंगे।

■ केदार देवांगन बने अध्यक्ष

गुरूवार को खाद दवाई विक्रेता संघ की बैठक में लिया गया निर्णय आने वाले समय में कृषि कार्य को प्रभावित करने वाला साबित होगा क्योकि संघ की बैठक में व्यापारियो ने कंपनीयो से लेकर प्रशासन एवं ग्राहको से मिल रही चुनौतीयो को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त की थी। विभिन्न समस्याओ को देखते हुए संघ की बैठक में सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया है कि ऐसे किसी भी प्रकार का खाद का विक्रय व्यापारी नही करेंगे जिसमे टैगिंग की आवश्यकता होगी। व्यापारियों के इस निर्णय से खुले बाजार में यूरिया एवं डीएपी जैसे खाद के मिलने की संभावनाएं कम हो जाएगी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनीयां यूरिया एवं डीएपी जैसे खादो में व्यापारियों के बिना मांग के भी ऐसी सामग्रीयां जबरदस्ती दे दी जाती थी जिसकी मांग ना व्यापारी करते है और ना ही किसान। वही कंपनीयां व्यापारियों को संस्थान तक खाद पहुंचाने का भाड़ा नही देती थी। जिससे व्यापारियों को उसका भाड़ा देना पड़ता था। जिसके कारण खाद की कीमत बढ़ जाती थी। जिससे व्यापारियों को नुकसान हो रहा था। अब जबकि व्यापारियों ने कड़ा निर्णय ले लिया है ऐसे में आने वाले समय में किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ सकता है। गुरूवार की बैठक में संरक्षक राजकुमार टुवानी, संतोश गंगबेर, अध्यक्ष केदार देवांगन, सचिव अटल दुबे, उपाध्यक्ष योगेश्वर देशमुख, जसवंत सार्वा, उमराव साहू, भीम साहू, रूमलाल साहू, कोशाध्यक्ष परमेश्वर राठी, मिडिया प्रभारी हरीश टुवानी को बनाया गया है।

